दिन– शुक्रवार | दिनांक– 03 / 10 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। | अवधि– 15 मिनट

---

01. राज्य सरकार ने राज्यकर्मियों और पेंशनभोगियों के महंगाई और राहत भत्ते में तीन प्रतिशत की बढ़ोतरी की। स्कूली विद्यार्थियों की छात्रवृति राशि भी की गई दोगुनी।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मुख्यमंत्री महिला रोज़गार योजना के तहत पच्चीस लाख महिला लाभार्थियों के बैंक खातों में दस–दस हज़ार रुपये की राशि अंतरित की।

03. विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा के लिए मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के नेतृत्व में चुनाव आयोग की टीम कल दो दिवसीय दौरे पर पटना आयेगी।

05. और, मौसम विभाग ने कल वैशाली, दरभंगा और मधुबनी जिले में कुछ स्थानों पर अत्यंत भारी बारिश को लेकर रेड अलर्ट जारी किया।

---

राज्य सरकार ने राज्यकर्मियों और पेंशनभोगियों के महंगाई और राहत भत्ते में तीन प्रतिशत की बढ़ोतरी की है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिमंडल की हुई बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। अब राज्यकर्मियों और पेंशनभोगियों को एक जुलाई के प्रभाव से अट्ठावन प्रतिशत महंगाई भत्ता मिलेगा। राज्य मंत्रिमंडल ने एक अन्य फैसले में स्कूली छात्र–छात्राओं को मिलने वाली छात्रवृति की राशि दोगुनी कर दी है। अब कक्षा एक से चार तक के छात्र–छात्राओं को बारह सौ रुपये और कक्षा पांच से छह तक के छात्र–छात्राओं को चौबीस सौ रुपये छात्रवृति मिलेगी। वहीं, कक्षा सात से लेकर दसवीं तक के छात्र–छात्राओं को छत्तीस सौ रुपये की छात्रवृति मिलेगी। कैबिनेट ने कुल एक सौ उनतीस प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मुख्यमंत्री महिला रोज़गार योजना के तहत पच्चीस लाख महिला लाभार्थियों के बैंक खातों में दस–दस हज़ार रुपये की राशि हस्तांतरित की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने राज्य के विभिन्न हिस्सों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से लाभार्थियों से बातचीत भी की। उन्होंने कहा कि इस योजना का उद्देश्य

स्वरोज़गार और छोटे व्यवसाय चलाने में रुचि रखने वाली महिलाओं को वित्तीय सहायता प्रदान करना है।

———बाइट———

हमारे संवाददाता ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छब्बीस सितम्बर को योजना की शुरूआत करते हुए पचहत्तर लाख महिलाओं के बैंक खाते में दस–दस हजार रुपये की राशि भेजी थी। एक रिपोर्ट–

———रिपोर्ट———

इस योजना के तहत मुख्यमंत्री द्वारा आज 25 लाख महिला लाभार्थियों के बीच ढाई हजार करोड रुपए की राशि ट्रांसफर की गई। इससे पहले 26 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कांफ्रेंस के जरिए इस योजना की शुरुआत की थी। इस योजना के तहत प्रारंभ में 10,000 रुपये की राशि महिला लाभार्थियों को दी जा रही है। सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में एक करोड़ 40 लाख से अधिक महिला स्वयं सहायता समूह यानी जीविका दीदियों के नेटवर्क को वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने के लिए यह अभियान शुरू किया है। धर्मेंद्र कुमार राय आकाशवाणी समाचार पटना।

———————————————————————————

बिहार विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा के लिए मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के नेतृत्व में चुनाव आयोग की टीम कल दो दिवसीय दौरे पर पटना आयेगी। आयोग की टीम चुनाव की तैयारियों को लेकर वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेगी। इस दौरान विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से भी विचार विमर्श होगा। साथ ही चुनाव आयोग की टीम प्रदेश के विभिन्न हिस्सों का दौरा भी करेगी।

———————————————————————————

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने आज बिहार विधानसभा चुनाव समेत देश के अन्य हिस्सों में कराये जा रहे उपचुनाव के लिए नवनियुक्त पर्यवेक्षकों के साथ उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। इस बैठक में चार सौ पच्चीस सामान्य, पुलिस और व्यय प्रेक्षक शामिल हुए। एक रिपोर्ट––

———रिपोर्ट———

निर्वाचन आयोग की बैठक में पर्यवेक्षकों को सभी चुनावी कानूनों, नियमों और दिशा–निर्देशों से अवगत होने तथा उनका कड़ाई से निष्पक्ष अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा गया। पर्यवेक्षकों को निर्देश दिया गया कि वे राजनीतिक दलों, उम्मीदवारों और मतदाताओं की शिकायतों के निवारण के लिए हमेशा उपलब्ध रहें। केंद्रीय पर्यवेक्षकों को मतदान केंद्रों का दौरा करने और मतदाताओं की सुविधा के लिए हाल में की गयी पहलों का कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिये गए। समाचार कक्ष से कल्पना झा।

———————————————————————————

विधानसभा चुनाव से पहले कई वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों का तबादला कर दिया गया है। पटना के प्रमंडलीय आयुक्त डॉक्टर चंद्रशेखर सिंह को मुख्यमंत्री सचिवालय में सचिव की जिम्मेदारी दी गयी है। वहीं, पटना नगर निगम के आयुक्त अनिमेश कुमार पराशर को पटना का प्रमंडलीय आयुक्त बनाया गया है। यशपाल मीणा को पटना नगर निगम का नया आयुक्त बनाया गया है। वहीं, बिहार राज्य पथ विकास के प्रबंध निदेशक शीर्षत कपिल अशोक को आपदा प्रबंधन विभाग का ओएसडी बनाया गया है।

---

बिहार विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर जदयू अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज पटना स्थित अपने आवास पर पार्टी नेताओं के साथ बैठक की। बैठक में पार्टी के संभावित उम्मीदवार भी शामिल थे। हमारे संवाददाता ने बताया है कि इस बैठक में मुख्य रूप से चुनावी रणनीति, प्रत्याशी चयन और क्षेत्रवार समीकरणों पर चर्चा की गयी। साथ ही मुख्यमंत्री ने सरकारी योजनाओं को लेकर पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं से फीडबैक लिया और उनसे विभिन्न योजनाओं की जानकारी आम लोगों तक पहुंचाने की अपील की।

---

जदयू प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने कहा है कि एनडीए में सीटों के बंटवारे को लेकर किसी प्रकार का कोई विवाद नहीं है। आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि जल्द ही सीटों के बंटवारे को लेकर सार्वजनिक रूप से घोषणा की जाएगी। हालांकि उन्होंने इसकी कोई समय–सीमा नहीं बताई।

———बाइट———

---

खगड़िया के परबत्ता से जदयू विधायक संजीव कुमार आज राजद में शामिल हो गए। परबत्ता में आयोजित कार्यक्रम में राजद के जिलाध्यक्ष ने उन्हें पार्टी की प्राथमिक सदस्यता दिलाई। गौरतलब है कि वर्ष दो हजार चौबीस में सरकार के खिलाफ लाये गए अविश्वास प्रस्ताव के दौरान संजीव कुमार पर विधायकों की खरीद–फरोख्त का आरोप लगा था। इस मामले में आर्थिक अपराध इकाई ने उन्हें नोटिस भी जारी किया है।

---

राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने संजीव कुमार के पार्टी में शामिल होने का स्वागत किया है। आज पटना में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि सत्तारूढ़ गठबंधन के कई अन्य नेता भी राजद में शामिल होने के इच्छुक हैं।

———बाइट———

————————————————————————————

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान कल एक दिवसीय दौरे पर पटना आ रहे हैं। श्री चौहान बापू सभागार में राज्य स्तरीय बासंतिक यानि रबी कार्यशाला और किसान सलाहकारों के उन्मुखीकरण कार्यक्रम का उद्‌घाटन करेंगे। साथ ही वे ज्ञान भवन में मखाना महोत्सव दो हजार पच्चीस का भी उद्‌घाटन करेंगे।

————————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा घोषित जीएसटी बचत उत्सव, जो पिछले महीने की बाईस तारीख को शुरू हुआ था, समाज के सभी वर्गों को लाभान्वित कर रहा है। आज हम छोटी कारों और दोपहिया वाहनों पर जीएसटी कटौती पर एक रिपोर्ट प्रस्तुत कर रहे हैं।

———रिपोर्ट———

नए जीएसटी सुधारों के तहत सरकार ने उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए छोटी कारों पर कर की दर 28 प्रतिशत से घटाकर 18ः कर दी है। इस कदम से मध्यम वर्गीय परिवारों पर आर्थिक बोझ कम होगा जिससे छोटे शहरों और कसबों में छोटी कारों की बिक्री को बढ़ावा मिलेगा। इस बीच, जीएसटी परिषद ने 350 सीसी तक के दो पहिया वाहनों पर जीएसटी दर घटाकर 18ः कर दी है जो पहले 28ः टैक्स स्लैब का हिस्सा था। एक दुकानदार ने सरकार के इस कदम की सराहना करते हुए कहा कि मध्यमवर्गीय परिवारों को इसका व्यापक लाभ मिल रहा है। जीएसटी जब से डाउन हुआ है तो बहुत ज्यादा मार्केट में लोगों में उमंग आ गया है, गवर्नमेंट काफी अच्छा पूजा के टाइम पर ऑफर दिया है तो जो नहीं लेने वाले थे वो भी अब कस्टमर आ रहे हैं। कर में इस कटौती न केवल खरीददारों को लाभ होगा, बल्कि विनिर्माण और संबंधित क्षेत्रों में रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे। नए जीएसटी दरें लागू होने से देश की अर्थव्यवस्था पर व्यापक प्रभाव पड़ेगा। शिवांग मिश्रा के साथ नीतिका गुप्ता, आकाशवाणी समाचार नई दिल्ली।

————————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात ने आज अपने ग्यारह वर्ष पूरे कर लिए हैं। मन की बात का पहला एपिसोड तीन अक्टूबर दो हजार चौदह को विजयादशमी के अवसर पर प्रसारित किया गया था। हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस कार्यक्रम के एक सौ छब्बीसवें एपिसोड में राष्ट्र को संबोधित किया। हमारे संवाददाता ने बताया है कि यह कार्यक्रम केवल एक रेडियो कार्यक्रम नहीं है, बल्कि सांस्कृतिक और सामाजिक परिवर्तन का प्रतीक है। यह देश के कोने–कोने तक पहुँच चुका है।

————————————————————————————

प्रदेश में पिछले दो दिनों से रूक–रूक कर बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार गोपालगंज जिले के हथवा में सबसे अधिक उनचास दशमवल छह मिलीमीटर बारिश हुई है। विभाग ने कल वैशाली, दरभंगा और मधुबनी जिले में कुछ स्थानों पर अत्यंत भारी बारिश को लेकर रेड अलर्ट जारी किया।

–––बाइट–––

---

पूर्णिया जिले के कसबा रेलवे गुमटी के पास वंदे भारत ट्रेन की चपेट में आने से चार युवकों की मौत हो गई। वहीं, जिले के बायसी थाना क्षेत्र के बैरिया सरबजिया दुर्गा मंदिर पंडाल के पास एक चार पहिया वाहन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गयी, जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. राज्य सरकार ने राज्यकर्मियों और पेंशनभोगियों के महंगाई और राहत भत्ते में तीन प्रतिशत की बढ़ोतरी की। स्कूली विद्यार्थियों की छात्रवृति राशि भी की गई दोगुनी।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मुख्यमंत्री महिला रोज़गार योजना के तहत पच्चीस लाख महिला लाभार्थियों के बैंक खातों में दस–दस हज़ार रुपये की राशि अंतरित की।

03. विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा के लिए मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के नेतृत्व में चुनाव आयोग की टीम कल दो दिवसीय दौरे पर पटना आयेगी।

05. और, मौसम विभाग ने कल वैशाली, दरभंगा और मधुबनी जिले में कुछ स्थानों पर अत्यंत भारी बारिश को लेकर रेड अलर्ट जारी किया।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।